**दिनांक: 24/03/2025**

**परिपत्र - बायोफैक इंडिया 2025**

बायोफैक इंडिया जैविक उद्योग का एक प्रमुख इवेंट है, जो निर्यातकों को वैश्विक खरीदारों और शीर्ष भारतीय निर्यातकों के समक्ष अपने जैविक उत्पादों को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। यह समग्र प्रदर्शनी एक केंद्रीकृत प्लेटफॉर्म प्रदान करती है जो जैविक, प्राकृतिक और मिलेट उत्पादों के सर्वश्रेष्ठ उत्पादों को एक साथ जोड़ती है।

जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु इस इवेंट की कुशलता को ध्यान में रखते हुए, एपीडा बायोफैक इंडिया में अपनी भागीदारी दर्ज कर रहा है। इसका आयोजन 30 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड (आईईएमएल), ग्रेटर नोएडा में किया जाएगा।

एपीडा द्वारा अपनी भागीदारी दर्ज करने हेतु 1500 वर्ग मीटर स्थान का आबंटन किया गया है। एपीडा पवेलियन को सौंदर्यपूर्ण रूप से डिजाइन किया जाएगा और 9 वर्ग मीटर के गुणकों में व्यक्तिगत सुसज्जित स्टॉल आबंटित किए जाएंगे। इवेंट में भागीदारी के लिए अनुरोध केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किया जाएगा, इच्छुक निर्यातक नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

https://itrack.apeda.gov. in/mda/NewTradeFairApplication.aspx?RequestID=39172001

किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया श्री मयूर पुंडलिक शंभरकर, व्यवसाय विकास प्रबंधक, एपीडा (ईमेल: consaep3@apeda.gov.in) और सुश्री हिमांगनी ग्रेस, व्यवसाय विकास प्रबंधक, एपीडा (ईमेल: ypbudget@apeda.gov.in) से संपर्क करें।

इस प्रयास में आपकी भागीदारी वैश्विक जैविक बाजार में जैविक क्षेत्र की दृश्यता और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

विनीता सुधांशु
महाप्रबंधक, एपीडा